जब कोई नहीं आता मेरे साईं आते है

जब कोई नहीं आता मेरे साईं आते है ।
मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

मेरे नैया चलती है, पतवार नहीं चलती ।
किसी और को अब मुझको तरकर नहीं चलती ॥
मै डरता नहीं जग से, साईं साथ आते है ।
मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

कोई याद करे उनको दुःख हल्का हो जाए ।
कोई भक्ति करे उनकी, वो उनका हो जाए ॥
ये बिन बोले सब कुछ पहचान जाते है ।
मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

ये इतने बड़े होकर, दीनो से प्यार करे ।
अपने भक्तो के दुःख को वो पल में दूर करे ॥
सब भक्तो का कहना साईं मान जाते है ।
मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

मेरे मन के मंदिर में बाबा का वास रहे ।
कोई रहे ना रहे बस साईं पास रहे ॥
मेरे व्याकुल मन को साईं जान जाते है ।
मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/378/title/jab-koi-nahi-aata-mere-sai-aaten-hain

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |